### एक नजर में



### दादा गुरु महाराज की नर्मदा परिक्रमा का किया स्वागत

**शाहगंज.** नर्मदा बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निरंतर जन जागरण कर रहे अपनी कठोर साधना और विलक्षण योग शक्ति के लिए प्रसिद्ध सिद्ध महायोगी दादा गुरु महाराज अपनी चौथी नर्मदा परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं के विशाल जत्थे के साथ शाहगंज पहुंचे. संगम स्थल तपस्विनी जोगेश्वरी बाईराम आश्रम बांद्राभान पर भोजन प्रसादी ग्रहण करने के पश्चात रवाना हुई इस पदयात्रा का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ स्वागत किया. इसी तरह यात्रा शाम को यात्रा के नगर प्रवेश पर नगरवासियों द्वारा दादा गुरु महाराज का आत्मीय स्वागत किया गया. स्थानीय रेस्ट हाउस प्रांगण में अवधूत महायोगी दादा गुरु का प्रवचन का कार्यक्रम चलता रहा. तत्पश्चात मां नर्मदा की आरती संपन्न हुई. वहीं समस्त परिक्रमा वासियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया. रात्रि विश्राम के पश्चात दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा यात्रा सुबह अपने अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान हुई.



### सांदीपनि विद्यालय में किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**बुधनी.** युवा दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों से प्रसारित सीधा प्रसारण भी सुना गया. अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत प्रधानाध्यापक विनोद तनेजा सहित शिक्षकों द्वारा किया गया. उपस्थित अतिथियों में सांसद, विधायक एवं नप अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, पार्षद ज्योति प्रमोद पंजाबी, धीरेन्द्र तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार शामिल थे. योग गतिविधियों का संचालन एवं मार्गदर्शन योग प्रभारी जीपी दायमा, योगिता बांगरे एवं अरुण यादव द्वारा किया गया. इस अवसर पर बीईओ अशोक अहिरवार, बीआरसी बलवंत अहिरवार, रमेश शर्मा, उप प्राचार्य सुरेंद्र सिंह जामलिया, प्राचार्य सुधा सालोमन आदि उपस्थित थे.



### आरएसएस शताब्दी वर्ष पर निकाली कलश यात्रा

**बुधनी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया. इस दौरान हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से शामिल हुई. वहीं आदिवासी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकनृत्य प्रस्तुत किया. कलश यात्रा का समापन दशहरा मैदान में हुआ. जहां विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजित किया गया. सम्मेलन में मुख्य अतिथि जगद्गुरु अजय पुरोहित सहित सभी संतों एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए. अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की.



### जयंती व खुशबू का सब-जूनियर नेशनल रग्बी में चयन

**बुधनी.** नगर के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल की दो खिलाड़ी जयंती प्रजापति एवं खुशबू यादव का चयन सब जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप के लिए हुआ है. यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 21 जनवरी तक भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों खिलाड़ी मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगी. कोच विशाल यादव ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 13 टीमों को पराजित करते हुए प्रथम स्थान कर जिले को जीत दिलाई है. इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश रग्बी संघ सचिव अबरार अहमद, पंकज जैन, अर्जुन मालवीय, सचिव, सत्येन्द्र सिंह, सिवाय, नील कमल सरकार, नीलिमा सरकार सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई दी. यह उपलब्धि न जिले के लिए गौरव का विषय है.



### विधायक ने की मतदान केंद्र में एसआईआर कार्य की समीक्षा

**आष्टा.** मंडल स्तर पर एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठकों का दौर संपन्न होने के बाद अब विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के शक्ति केंद्रों पर समीक्षा बैठकों का दौर शुरू हुआ. विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कोठरी मंडल के अपने गृह ग्राम मुल्लानी में पोलिंग बूथ पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की. उन्होंने एसआईआर को लेकर अभी तक किए गए कार्य की समीक्षा कर आगामी कार्यों को लेकर निर्देश दिए.

# राहत ! अब दो दिन में एक घंटे मिलेगा पानी

## काहिरी बंधान में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता को देखते हुए नगरपालिका ने लिया सराहनीय निर्णय

- पानी चोरी रोकने में बरती सख्ती का दिखा असर
- नलों से कम समय पानी आने के कारण लोग थे परेशान

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 13 जनवरी. पानी चोरी पर सख्ती से नकेल कसने का सुखद परिणाम देखने को मिल रहा है. पिछले साल की तुलना में इस बार जमोनिया और भगवानपुरा तालाब में भले ही पानी कम हो, लेकिन पार्वती नदी के काहिरी बंधान में अधिक पानी की उपलब्धता को देखते हुए नपा ने 45 मिनट की जगह पूरे एक घंटे पानी देने का निर्णय लिया है. दो दिन के अंतराल में होने वाले जलप्रदाय के समय में बढ़ोत्तरी होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी.**

इस बार अल्पवर्षा के चलते अधिकांश जलस्त्रोत खाली रह गए थे. इससे आगामी गर्मी के दिनों में शहर में भीषण जलसंकट गहराने की आशंका बनी थी. इसके अलावा हर साल की तरह पानी चोरी होने के कारण भी जलस्त्रोत खाली होने का खतरा मंडरा रहा था. अल्पवर्षा की स्थिति को देखते हुए नगरपालिका द्वारा नियत समय पर सभी बंधानों के गेट बंद कर दिए थे तो पानी चोरी पर रोक लगाने के लिए सभी कारगर कदम उठाए जा रहे थे. इतना ही नहीं कलेक्टर बालागुरू के द्वारा भी पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए पानी चोरी रोकने के सख्त निर्देश दिए गए थे. नतीजतन नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर के निर्देश पर सीएमओ सुधीर कुमार द्वारा जमोनिया व भगवानपुरा तालाब सहित काहिरी बंधान में मौजूद पानी की चोरी रोकने के लिए तीन दलों का गठन किया गया था.



**सीहोर.** नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ पार्वती नदी के काहिरी बंधान का निरीक्षण किया.

> **शहर में नहीं आएगी पानी की किल्लत**
>
> सही समय पर पानी चोरी रोकने के लिए कारगर कदम उठाए जाने के कारण काहिरी में पिछले साल की तुलना में अधिक पानी है. यही वजह है कि जलप्रदाय के समय में 15 मिनिट की बढ़ोत्तरी की गई है. लोगों से आग्रह है कि वह पानी की अनावश्यक बर्बादी न करें. नलों में टोटी लगाकर रखें ताकि आगामी दिनों में पानी की कमी से न जूझना पड़े
>
> **सुधीर कुमार**
> मुख्य नपा अधिकारी

> **वर्तमान में दो दिन छोड़कर मिल रहा 45 मिनिट पानी**
>
> आगामी गर्मी में जलसंकट न गहराए, इसके लिए नपा द्वारा शहर में जलप्रदाय के शेडयूल में परिवर्तन किया गया था. जिसके तहत दो दिन के अंतराल में 45 मिनट जलप्रदाय किया जा रहा था. दो दिन बाद भी महज 45 मिनट पानी मिलने के कारण लोगों को निजी टैंकरों अथवा बोर व कुओं की शरण में जाना पड़ रहा था, लेकिन काहिरी में बेहतर जलस्तर को देखते हुए नपा द्वारा दो दिन में 45 मिनट की जगह पूरे एक घंटे जलप्रदाय करने का निर्णय लिया है. इससे पेयजल के लिए परेशान लोगों को काफी राहत मिलेगी.

> **नपा की गठित टीमों द्वारा की गई मोटरों की धरपकड़**
>
> पानी चोरी रोकने के लिए गठित नपा की टीम ने सतत निरीक्षण करते हुए पेयजल के लिए सुरक्षित पानी की चोरी करने वाले कई किसानों की मोटरों को जब्त किया. किसानों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई. नतीजतन अन्य सालों की अपेक्षा इस बार पानी की चोरी में काफी कमी देखने को मिली. यही कारण है कि पिछले साल की तुलना में इस बार काहिरी बंधान में अधिक पानी है. हालांकि भगवानपुरा और जमोनिया तालाब में गत वर्ष की तुलना में पानी कम है. इसको लेकर नपा के जिम्मेदारों का कहना है कि शहर में पानी की किल्लत नहीं आएगी.

### नगर में खेलों का महाकुंभ आज से



**बुधनी.** नगर में राष्ट्रीय स्तर की खेल गतिविधियों को नया आयाम देते हुए युवा शक्ति कप क्रिकेट प्रतियोगिता का सीजन आगामी 14 जनवरी से शुरू होगा. स्वर्गीय पवन पटेल की स्मृति में आयोजित यह राष्ट्रीय स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से 18 जनवरी तक दशहरा मैदान में खेली जाएगी. प्रतियोगिता का आयोजन युवा शक्ति क्लब द्वारा किया जा रहा है. प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर 14 जनवरी को प्रात: 10 बजे प्रतिभा स मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें नगर की विभिन्न प्रतिभाओं को स मानित किया जाएगा. इसके पश्चात टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा. प्रतियोगिता में देशभर की नामी एवं अनुभवी टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे दर्शकों को रोमांचक और उच्च स्तरीय क्रिकेट देखने को मिलेगा. आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 3 लाख रुपए, जबकि उपविजेता टीम को 1.5 लाख रुपए की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी. आकर्षक ट्रॉफी एवं अन्य विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे.

### वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी

**सीहोर.** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शिक्षण सत्र के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाओं के लिए संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुछ विषयों की परीक्षा तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है, जिसे विद्यार्थियों के हित में लागू किया गया है. जानकारी के अनुसार संशोधित परीक्षा तिथियां 6 मार्च को को हाईस्कूल के हिन्दी विषय एवं हा.से के उर्दु/मराठी विषय तथा 7 मार्च को हासे की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित होगी. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शेष विषयों का परीक्षा कार्यक्रम पूर्व निर्धारित अनुसार ही लागू रहेगा.

# पार्षद प्रतिनिधि ने स्वीकारा, नलों से आ रहा बदबूदार पानी

- कांग्रेस नेता आजम लाला ने की थी प्रशासन से शिकायत
- पेयजल प्रदाय के कई टूटे-फूटे पाइप नालियों में डूबे

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 13 जनवरी.** नगर के वार्ड नंबर 30 में पानी की समस्या को लेकर वॉटर पॉलिटिक्स और विरोधाभासों के बीच उलझ गई है. मंगलवार को वार्ड में जब क्षेत्र के नागरिकों ने नलों से आ रहे गंदा पानी को देख पार्षद प्रतिनिधि को मौके पर बुला लिया. नागरिकों के प्रत्यक्ष प्रमाण के बीच पार्षद प्रतिनिधि को भी यह स्वीकार करना पड़ा कि क्षेत्र की पाइपलाइन में तकनीकी खामी है, जिसके चलते गंदा पानी सप्लाई हो रहा है.

वार्डवासी पार्षद प्रतिनिधि इरशाद पहलवान को अपने साथ उन गलियों में ले गए, जहां पिछले कुछ दिनों से दूषित पानी की समस्या बनी हुई है. नागरिकों ने जब नलों से निकलता बदबूदार पानी दिखाया तो पार्षद प्रतिनिधि ने भी माना कि पाइपलाइन में कहीं लीकेज या सीवेज के जुड़ाव के कारण यह स्थिति बनी है. उन्होंने जल्द ही इस तकनीकी खामी को दूर करने का आश्वासन दिया है.

इससे पहले वार्ड 30 उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे आजम लाला के नेतृत्व में रहवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था. रहवासियों का दावा है कि दूषित पानी के सेवन से कई घरों में लोग पेट दर्द और उल्टी-दस्त के शिकार हो रहे हैं. उन्होंने पानी की लैब जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है.

इधर पार्षद समर्थकों का कहना है कि वार्ड के 3500 लोगों को पर्याप्त पानी मिल रहा है और बीमारी की कोई आधिकारिक शिकायत नहीं है. हालांकि मंगलवार को जिस तरह से खुद पार्षद प्रतिनिधि ने नागरिकों के साथ जाकर गंदे पानी की बात स्वीकारी है, उसने समर्थकों के दावों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं. अब देखना यह है कि प्रशासन इस पाइपलाइन की मरम्मत कब करता है ताकि वार्डवासियों को इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके.

> **दूसरे पक्ष का कहना था कि साफ आ रहा है पानी**
>
> गंदे पानी पर मचे इस घमासान के बीच एक दूसरा पहलू भी सामने आया. शनिवार रात कस्बा क्षेत्र में कुछ नागरिकों ने पार्षद प्रतिनिधि इरशाद पहलवान का साफा बांधकर स्वागत और अभिनंदन किया था. इस दौरान पार्षद समर्थकों और कुछ स्थानीय नेताओं ने गंदे पानी की खबरों को झूठी अफवाह करार दिया था. उनका तर्क था कि वार्ड में 6 ट्यूबवेल, 4 हैंडपंप और 4 कुएं हैं और यहां से पूरे शहर को पानी सप्लाई होता है. उनका कहना है कि वार्ड को बदनाम करने के लिए कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं.



# कस्बा के रहवासियों को क्षेत्र में ही मिलेगा उपचार

- कस्बा में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का शुभारंभ
- विधायक राय व नपाध्यक्ष राठौर ने किया क्लीनिक का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 13 जनवरी.** कस्बा क्षेत्र के नागरिकों को अब समुचित उपचार की सुविधा कस्बा क्षेत्र में ही मिलेगी. नागरिकों को अब जिला अस्पताल तक इलाज के लिए नहीं आना पड़ेगा. विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का रिबन काटकर शुभारंभ किया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर भी उपस्थित थे.

विधायक सुदेश राय की अनुशंसा से सांसद आलोक शर्मा की विशेष निधि से नगर पालिका परिषद के द्वारा कस्बा क्षेत्र की निजामत के पास मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार की योजना अतर्गत 36 लाख 50 हजार की लागत से सर्व सुविधा युक्त वार्ड क्रमांक 34 में संजीवनी क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का निर्माण किया गया है.




क्लीनिक के माध्यम से कस्बा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 6 वार्डों में रहने वले 50 हजार से अधिक नागरिकों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी. मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनक आयुष आरोग्य मंदिर का संचालन जिला स्वास्थ्य विभाग ऑफिसर डॉक्टर मालती आर्य के द्वारा किया जएगा. विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग के मुखिया राजेंद्र शुक्ला, प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य की भी चिंता की जा रही है. नागरिकों को अच्छे से अच्छी और जल्दी मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 5 से 10 वार्डों के नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री सजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे हैं. शुभारंभ कार्यक्रम में पार्षद हेमा सुदीप व्यास, रजनी सत्यनारायण, इरशाद पहलवान, इरफान लाल, अजम नेताजी, तनवीर मजीद अंसारी, चांदनी मालवीय सहित संदीप प्रजापति, अशोक राठौर, कन्हैयालाल मालवीय आदि मौजूद थे.

### युवा दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर

- संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में नशा छोड़ने के लिए किया प्रेरित
- शिविर में नालसा की डॉन योजना से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 13 जनवरी.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नालसा की डॉन योजना के अंतर्गत संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वप्श्री सिंह ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया.

कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र में उपचार करा रहे व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुये उन्हें नशा छोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया. इसके साथ ही नालसा की डॉन योजना के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई. श्रीमती स्वप्न श्री सिंह ने वृद्धजनों का हाल-चाल जाना उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली. उन्होंने वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहने की सलाह दी. इस दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान आदि उपस्थित थे.



**निरीक्षण** आगामी फरवरी में होने वाली शिव महापुराण कथा को लेकर संभागायुक्त व आईजी ने किया कुबेरेश्वर धाम का निरीक्षण

# कथा के दौरान रुद्राक्ष नहीं बंटेंगे, समिति स्पष्ट सूचना प्रसारित करे

**नवभारत न्यूज**

सीहोर 13 जनवरी. कुबेरेश्वर धाम में आगामी 14 से 20 फरवरी तक होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव के दृष्टिगत भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह, आईजी अभय सिंह, डीआईजी राजेश चंदेल, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा, संबंधित अधिकारियों एवं समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की.

बैठक में उन्होंने कहा कि महोत्सव में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में प्रशासन और आयोजन समिति दोनों की जिम्मेदारी है कि सभी व्यवस्थाएं समय पर, योजनाबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं. किसी भी स्तर पर लापरवाही सीधे श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्रभावित करेगी. प्रशासन द्वारा आयोजन समिति को पर्याप्त पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने, संकेतक लगाने, भोजन व्यवस्था और इस आयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में वॉलेटियर तैनात करने के लिए कहा गया.

अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों एवं हाईवे पर यातायात सुचारू रखने के लिए प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू किया जाए. पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन कर अलग-अलग जोन निर्धारित किए जाएं तथा आयोजन समिति एवं प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि श्रद्धालुओं को पार्किंग से कथा स्थल तक सुव्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिले. भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम स्थल को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित करने के निर्देश दिए गए. अधिकारियों ने आयोजन समिति एवं प्रशासन को पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैयार रखने, उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा भीड़ प्रबंधन संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए. फायर सेफ्टी को लेकर फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण एवं आपातकालीन निकास व्यवस्था पूर्ण रूप से उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए.

पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत आवश्यकताओं के संबंध अधिकारियों ने आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, प्याऊ, टोंटीयुक्त नल कनेक्शन एवं जल टैंकरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. स्वच्छता के लिए अस्थाई एवं चलित शौचालयों की पर्याप्त संख्या स्थापित कर सफाई कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाने तथा कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए.



### उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ सूर्य नमस्कार

**सीहोर.** उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंबर 1 में विवेकानंद जयंती के अवसर पर विद्यालय में सूर्य नमस्कार एवं सूक्ष्म प्राणायाम के पश्चात युवा दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिनमें छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की. एनएसएस ऑफिसर देवेंद्र राय द्वारा स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया. इसी प्रकार डॉ. राजेंद्र देशमुख ने स्वामी के प्रेरक प्रसंग से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों के बारे में बताया.